# राजकीय महाविद्यालय शिवनगर

# ई-समाचार पत्र

## जून - अगस्त -2025

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

असतो मा सद्गमय



प्रकाशन संख्या 07

www.gdcshivnagar.in

# विषय सूची

1.योग दिवस
2.नशे के खिलाफ शपथ
3.अभिविन्यास कार्यक्रम
4.पुस्तकालय परिचय
5.मतदाता जागरूकता
6.एड ऑन कोर्स
7.नशा मुक्त भारत रैली
8.एक पेड़. माँ के नाम
9.एंटी रैगिंग सप्ताह
10. अन्तराष्ट्रीय युवा दिवस
11.नशा मुक्ति अभियान
12.स्वतन्त्रता दिवस
13.एड्स जागरुकता रैली
14.संगीत विभाग व्याख्यान माला
15.खेल दिवस
16. संस्कृत विभाग व्याख्यान माला


# योग दिवस

योग दिवस योग की प्राचीन भारतीय पद्धति और शारीरिक और मानसिक हेल्थ के लिए इसके लाभों के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ावा देता है. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का विषय 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग ' है, जो पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने पर केंद्रित है. इस अवसर पर योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने भी विद्यार्थियों के साथ मिलकर योग किया।
21 जून को उत्तरी गोलार्ध में वर्ष के सबसे लंबा दिन होता है. साथ ही, यह तिथि दुनिया के कई हिस्सों में विशेष महत्व रखती है और योग परंपराओं में इसे शुभ माना जाता है. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विचार पहली बार भारत के प्रधानमंत्री  ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में अपने भाषण के दौरान प्रस्तावित किया था. उन्होंने कहा था कि योग भारत की प्राचीन परंपरा की अमूल्य देन है. यह मन और शरीर की एकता का प्रतीक है.अपनी जीवन शैली को बदलकर और चेतना पैदा करके, यह भलाई में मदद कर सकता है. 21 जून 2015 को दुनिया भर में पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। हर साल आयुष मंत्रालय भारत में आवश्यक व्यवस्था भी करता है. इसी को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में एन एस एस इकाई द्वारा इसका आयोजन किया गया और प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी को योग का महत्त्व बताते हुए इसे प्रतिदिन जीवन में उतारने को प्रेरित किया।



# नशे के खिलाफ शपथ

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 26 जून को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के तहत एन. एस. एस. इकाई द्वारा आयोजित 'जिन्दगी को हाँ और नशे को न कहें' शपथ ग्रहण किया गया। यह अभियान युवाओं और पूरे समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करने के लिए शुरू किया गया है। शपथ ग्रहण से पहले महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। प्राचार्या ने स्वयं शपथ लेकर सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। जिसके बाद सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भी नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण करने के बाद प्राप्त प्रमाणपत्र को भी अपने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी डाला जिससे सभी को प्रेरणा मिल सके। यह आयोजन बहुत ही सकारात्मक और सफल रहा जो महाविद्यालय के प्राचार्या का नशे के खिलाफ अभियान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



# अभिविन्यास कार्यक्रम

9 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में सत्र 2025-26 के लिए अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन प्रथम वर्ष के नए छात्र- छात्राओं के लिए किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने मुख्य अथिति डॉ. शमशेर सिंह का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया। प्राचार्य महोदया ने प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनका महाविद्यालय से परिचय कराते हुए महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी प्रदान की, सभी प्राध्यापकों और कर्मचारियों से परिचय कराया साथ ही विद्यार्थियों से नशे के खिलाफ रहने की अपील की। मुख्य अथिति डॉ शमशेर ने विद्यार्थियों को रोचक घटनाएँ सुनाकर अच्छे से पढ़ने के लिए प्रेरित किया और रैगिंग से दूर रहने की अपील की। प्रो राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को सभी विषयों के बारे में बताने के साथ क्रेडिट की जानकारी प्रदान की। प्रो शिखा धरवाल ने नशे के खिलाफ, रैगिंग के खिलाफ और महिला संवेदिकरण की जानकारी दी। सभी क्लब की जानकारी देते हुए अंत में विद्यार्थियों को पुस्तकालय में ले जाकर उसकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के बाद सभी विधार्थी अपनी अपनी कक्षाओं में गए जोकि सुचारु रूप से शुरू हो चुकी हैं।t



# पुस्तकालय परिचय

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। अतः उस सुविधा का सर्वोत्तम प्रयोग सभी छात्रों करें, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों पुस्तकालय से नियमों एवं उपलब्ध पुस्तकों से परिचित करवाने हेतु पुस्तकालय परिचय नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुस्तकालय में छात्रों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं, जैसे कि:

- पुस्तकों का विशाल संग्रह*: पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर पुस्तकों का विशाल संग्रह है, जिसमें छात्रों को अपने अध्ययन के लिए आवश्यक पुस्तकें मिल सकती हैं।

-ऑनलाइन संसाधन: पुस्तकालय में ऑनलाइन संसाधनों की भी सुविधा है, जिसमें छात्रों को विभिन्न ऑनलाइन डेटाबेस और ई-पुस्तकें उपलब्ध हैं।

- शांत और आरामदायक वातावरण*: पुस्तकालय में शांत और आरामदायक वातावरण है, जो छात्रों को अध्ययन के लिए उपयुक्त है। छात्रों ने पुस्तकालय की सुविधाओं और संसाधनों के बारे में बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में उन्हें अपने अध्ययन के लिए आवश्यक पुस्तकें और संसाधन आसानी से मिल गए। पुस्तकालय Visit एक सफल आयोजन था, जिसमें छात्रों को पुस्तकालय की सुविधाओं और संसाधनों से परिचित कराया गया। हमें उम्मीद है कि छात्र पुस्तकालय का उपयोग अपने अध्ययन के लिए



# मतदाता जागरूकता








मतदान महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लोगों के लिए अपनी सरकार में अपनी बात रखने और अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों को चुनने का एक तरीका है। यह लोगों के लिए अपनी सरकार को जवाबदेह ठहराने का भी एक तरीका है। मतदान लोगों को अपने जीवन को प्रभावित करने वाले निर्णयों में अपनी बात रखने का अवसर देता है। इसी को ध्यान में रखते हुए

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 19 जुलाई को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित कार्यक्रम 'स्वीप' के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 'स्वीप' संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को मतदाता के अधिकारों के बारे में बताते हुए मतदान के महत्व के विषय में बताया। पंचायत और विधायिका के चुनाव की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए वीडियो भी दिखाई। प्रो. राजेश ने जो भी विद्यार्थी 18 साल के हो गए हैं उनको वोटर कार्ड बनाने को कहा जिससे वे आगामी चुनाव में सहभागिता कर सके।

# एड ऑन कोर्स

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 24 जुलाई  को वाणिज्य विभाग और आई. क्यू. ए. सी. सेल द्वारा ऐड-ऑन कोर्स आरम्भ किया गया है। आज के ए. आई. के समय में कंप्यूटर ज्ञान और तकनीक के महत्व को देखते हुए 'आज के कॉर्पोरेट जगत में सूचना प्रोद्योगिकी' नाम का यह कोर्स आरम्भ किया गया है। प्रो. शिखा धरवाल और प्रो. राजेश कुमार में कोर्स के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की जिसके बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने इस कोर्स की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन किए। अधिकतम 30 विद्यार्थियों को इस वर्ष ये अवसर प्राप्त हुआ। बचे हुए छात्र - छात्राएं अन्य ऐड. ऑन पाठ्यक्रम में आवेदन कर रहे हैं।





# वणिज्य दिवस एवं नशा मुक्त भारत रैली

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में आज 4 अगस्त को वाणिज्य दिवस का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रो. शिखा धरवाल और डॉ. नीतिका शर्मा ने प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह का स्वागत किया। प्राचार्य महोदया ने सभी को बधाई देते हुए विभाग के शिक्षण पद्धति के साथ अन्य-गतिविधियों और नवाचार की सराहना करते हुए बताया कि वाणिज्य विषय आज के युग में ढेरों सम्भावनाओं से भरा हुआ है जिसका लाभ विद्यार्थी अपने भविष्य की अजीविका के रूप में ले सकते हैं। प्रो. शिखा धरवाल ने 'ट्रैन फॉर ट्रेनी' पहल शुरू करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीके बताने का आश्वाशन दिया। डॉ. नीतिका शर्मा ने छात्र -छात्राओं को वाणिज्य विषय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए इस दिवस के महत्व से परिचित कराया। इसी के साथ एन. एस. एस. द्वारा नशा मुक्त अभियान कर अंतर्गत रैली निकाल कर जागरूकता अभियान चलाया गया।






# एक पेड़. माँ के नाम





एक पेड़ माँ के नाम" एक अभियान है जो माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए उनकी याद में एक पेड़ लगाने का एक प्रतीकात्मक तरीका है, और साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है. यह पहल मातृत्व की पोषण शक्ति और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान को जोड़ती है, जिसका लक्ष्य आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा और टिकाऊ भविष्य बनाना है. इसी के अंतर्गत 8 अगस्त को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रेड रिबन क्लब के साथ मिलकर 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी को इस कार्यक्रम की उपयोगिता बताते हुए मानव जीवन और प्रकृति के लिए वृक्षों के महत्व से परिचित कराया। सभी स्वयंसेवियों ने अपनी माँ के नाम से एक-एक पौधा रोपा इसके साथ ही प्राचार्या महोदया, एन. एन. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ योगेश पाण्डेय और रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. नीतिका शर्मा व अन्य प्राध्यापकों ने भी पौधा लगाकर कार्यक्रम में भागीदारी की। इसके बाद छात्र-छात्राओं को एक-एक पौधा वितरित किया गया जिसको अपने घर में या घर के आसपास लगाकर अपनी माँ को समर्पित करें और समय समय पर उसकी देखभाल भी करें।

# 7. एंटी रैगिंग सप्ताह

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह के कुशल मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन और हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सप्ताह 12 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत 12 अगस्त को महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक 3 में मां सरस्वती के पूजनवंदन से हुआ। स्वागत भाषण की कड़ी में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि रैगिंग जैसी कुप्रथाएं शिक्षा के वातावरण को दूषित करती हैं और इन्हें रोकना हम सब की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने छात्रों को नव प्रवेशित छात्राओं के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का संदेश दिया।तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक व कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए एन्टी रैगिंग के कानून और दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि एंटी रैगिंग एक दंडनीय अपराध है और इसके प्रति हर छात्रों को सजग रहना चाहिए। इसके उपरांत एंटी रैगिंग पर सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस प्रकार यह सप्ताह बच्चों को एंटी रैगिंग पर जागरूक करने में पूरी तरह सफल और ज्ञानप्रद रहा।






# अन्तराष्ट्रीय युवा दिवस

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में दिनांक 12 अगस्त को प्राचार्या डॉ.संगीता सिंह के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रम NSS और रेड रिब्बन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए गए। जिसमें एंटी रैगिंग, एच आई बी एड्स , और युवा दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह द्वारा महत्वपूर्ण विचार रखे गए। उन्होंने युवाओं की देश निर्माण की भूमिका पर बात करते हुए उनसे नशे और रैगिंग से दूर रहने की अपील की। इस कार्यक्रम में रेड रिब्बन क्लब की कॉर्डिनेटर डॉ. नीतिका शर्मा, NSS क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश पांडे और प्रो. राजेश कुमार ने नशे और एड्स के प्रति फ्लाईयर और प्रॉप्स बनवाकर जागरूक किया। विद्यार्थियों ने पौधे लगाकर एंटी-रैगिंग की शपथ ली। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस हर साल 12 अगस्त को मनाया जाता है, जिसका महत्व युवाओं के सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना, समाज में उनकी भूमिका का सम्मान करना और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देना है. यह दिन युवाओं की क्षमता का जश्न मनाता है और उन्हें अपने समुदायों में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करता है, साथ ही स्थानीय स्तर पर नेतृत्व और नवाचार के माध्यम से सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवाओं की भूमिका पर भी जोर देता है.






# नशा मुक्ति अभियान

नशा मुक्त भारत अभियान मादक द्रव्यों के सेवन को रोकने और समाज को इससे मुक्त करने के लिए शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी अभियान है. यह एक त्रि-आयामी कार्यक्रम है जिसमें मादक द्रव्यों की आपूर्ति पर अंकुश लगाने, समाज में जागरूकता बढ़ाने और नशा करने वालों को उपचार और पुनर्वास प्रदान करने पर केंद्रित है. इस अभियान के तहत पूरे देश में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें युवाओं, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, नागरिक समाज संगठनों और विभिन्न सरकारी एजेंसियों को शामिल किया जा रहा है. इस अभियान का लक्ष्य एक स्वस्थ और नशा-मुक्त भारत का निर्माण करना है. राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में 13 अगस्त को एन. एस. एस. एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। इस रैली से पहले महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सभी विद्यार्थियों को नशे के हानिकारक प्रभाव से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की अपील की और सभी ने साथ मिलकर नशे से दूर रहने के लिए शपथ भी ग्रहण की। जिसके बाद रैली से निकट बाजार में जाकर जागरूकता अभियान चलाया।






# स्वतन्त्रता दिवस

भारत का स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 15 अगस्त को देश भर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह प्रत्येक भारतीय को एक नई शुरूआत की याद दिलाता है। इस दिन 200 वर्ष से अधिक समय तक ब्रिटिश उपनिवेशवाद के चंगुल से छूट कर एक नए युग की शुरूआत हुई थी। 15 अगस्त 1947 वह भाग्यशाली दिन था जब भारत को ब्रिटिश उपनिवेशवाद से स्वतंत्र घोषित किया गया और नियंत्रण की बागडोर देश के नेताओं को सौंप दी गई। भारत द्वारा आजादी पाना उसका भाग्य था, क्योंकि स्वतंत्रता संघर्ष काफी लम्बे समय चला और यह एक थका देने वाला अनुभव था, जिसमें अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने जीवन कुर्बान कर दिए। इसी दिन को मनाते हुए 15 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विधार्थियो ने पोस्टर बनाकर देशभक्ति का भाव अभिव्यक्त किया। इसके साथ ही एन. एस. एस. इकाई द्वारा 'हर घर तिरंगा ' अभियान के तहत तिरंगा वितरित किया गया।



# एड्स जागरुकता रैली

एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बीमारी के प्रसार को रोकने, लोगों को परीक्षण के लिए प्रोत्साहित करने, एचआईवी/एड्स से जुड़े सामाजिक कलंक को कम करने और संक्रमित व्यक्तियों के लिए प्रभावी उपचार की वकालत करने में मदद करता है. सही ज्ञान से लोग अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बेहतर निर्णय ले सकते हैं. इसी को ध्यान में रख राजकीय महाविद्यालय शिवनगर ने एड्स जागरूकता एवं नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रैली एवं एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 19 अगस्त को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहट में किया ।रैली शिवनगर महाविद्यालय से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहट तक की गई । रैली का नेतृत्व प्राचार्या डॉ संगीता सिंह एवं रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ नीतिका शर्मा की अगुवाई में किया गया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को इस जागरूकता अभियान का महत्व बताया और उनसे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। रेड रिबन क्लब के पीयर एजुकेटर ने लाहट विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया। इस कार्यशाला में एड्स के कारण , उनका उपचार , उसकी वैक्सीनेशन , हेल्पलाइन नंबर, साझा किए । इस कार्यशाला में पीर ड्यूकेटर्स द्वारा बनाए गए फ्लायर्स भी बच्चों द्वारा शिवनगर बाजार में सभी को बांटा गया।








# संगीत विभाग व्याख्यान एवं पहाड़ी अनुभाग का शुभारम्भ

राजकीय महाविद्यालय : शिवनगर की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा आयोजित लोक-संस्कृति एवं संस्कारों पर आधारित एक विचार श्रृंखला का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें स्रोत-व्यक्तित्व के रूप में जिला कांगड़ा के वरिष्ठ साहित्यकार एवं शिक्षाविद् रमेश चन्द्र मस्ताना विशेष रूप से उपस्थित हुए। महाविद्यालय में पहुंचने पर स्रोत-व्यक्तित्व का प्राचार्या संगीता एवं संगीत सह-आचार्य डॉ. उज्ज्वल कटोच ने अन्य सहकर्मियों के साथ भावभीना स्वागत किया। रमेश चन्द्र मस्ताना द्वारा महाविद्यालय-पुस्तकालय हेतु अपनी मौलिक एवं स्व-प्रकाशित पुस्तकों की पांच-पांच प्रतियों का पैकट प्राचार्या को भेंट किया। तत्पश्चात उन सभी पुस्तकों को महाविद्यालय के पुस्तकालय में यथोचित स्थान प्रदान करते हुए पहाड़ी संभाग का उद्घाटन प्राचार्या महोदया एवं स्रोत-व्यक्तित्व के द्वारा किया गया। तत्पश्चात रमेश चन्द्र मस्ताना ने महाविद्यालय के सभागार में सभी छात्र-छात्राओं को कांगड़ा जनपद की समृद्ध लोक-संस्कृति एवं संस्कारों पर अपना एक विस्तृत एवं प्रभावपूर्ण वक्तव्य माँ-बोली कांगड़ी में रखा। अपने वक्तव्य को रोचक एवं भावपूर्ण बनाने के लिए रमेश चन्द्र मस्ताना द्वारा बीच-बीच में अपनी काव्य रचनाओं को भी लोक-जीवन के प्रसंगों के साथ जोड़ते हुए अपने निराले अन्दाज़ में प्रस्तुत किया गया। इन काव्य-रचनाओं का समस्त आचार्य-समूह के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राओं द्वारा भरपूर आनन्द उठाया गया। वक्तव्य के समापन पर स्रोत-व्यक्तित्व को महाविद्यालय की ओर से अंग वस्त्र, हिमाचली टोपी एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। विचार श्रृंखला के समस्त आयोजन में मंच संचालन जहाँ संगीत सह-आचार्य डॉ उज्ज्वल कटोच द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम के समापन पर डॉ. राजेश कुमार द्वारा स्रोत-व्यक्तित्व, प्राचार्या एवं सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





# खेल दिवस

हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 29 अगस्त को हर साल देश में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। भारतीय हॉकी के करिश्माई खिलाड़ी ध्यानचंद को अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। हॉकी के इस दिग्गज खिलाड़ी को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के मकसद से भारत सरकार ने 2012 से इनकी जन्मतिथि पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाने की घोषणा की थी। खेलों के महत्व को याद दिलाने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2012 से यह मनाया जाता आ रहा है। इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य है- युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, खेलों व स्वस्थ जीवन के प्रति जागरुकता बढ़ाना, खेल भावना और एकता का संदेश देना, खेल प्रतिभाओं को पहचानना और सम्मानित करना। राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की दो मुख्य थीम थीं: "एक घंटा, खेल के मैदान में" (फिट इंडिया अभियान के तहत) और "शांतिपूर्ण और समावेशी समाजों को बढ़ावा देने के लिए खेल।" राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में भी खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त 2025 को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे चैस, कैरम आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ का भाग लिया।






# 15. संस्कृत विभाग व्याख्यान माला

राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 29/08/2025 भारतीय दर्शन विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों को भारतीय दर्शन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। व्याख्यान का आयोजन प्रो विवेकानंद शर्मा द्वारा किया गया था, जिन्होंने भारतीय दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान का विषय भारतीय दर्शन था, जिसमें वक्ता ने विभिन्न दार्शनिक विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा की। व्याख्यान में छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वक्ता के विचारों को ध्यान से सुना। वक्ता ने व्याख्यान को बहुत ही रोचक और समझने योग्य तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे छात्रों को विषय को समझने में आसानी हुई। वक्ता ने अपने विचारों को समर्थन देने के लिए विभिन्न उदाहरणों और प्रमाणों का उपयोग किया, जिससे छात्रों को विषय की गहराई को समझने में मदद मिली। व्याख्यान के अंत में, छात्रों ने वक्ता से प्रश्न पूछे और अपने संदेहों का समाधान किया। इस व्याख्यान ने छात्रों को भारतीय दर्शन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया और उन्हें इस विषय में गहराई से जानने के लिए प्रेरित किया।

# संपादक



प्रो ०विवेका नन्द शर्मा
सहायकाचार्य संस्कृत



डॉ ० योगेश पांडेय
सहायकाचार्य हिन्दी